कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / वि0प0–अ0उ0वि0– विज्ञप्ति 03 / 151-154 / 2021–22 दिनांक 27 दिसम्बर 2021

राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021

परिषद् द्वारा दिनांक 27 दिसम्बर 2021 को आयोजित राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा के प्रश्नपत्र की उत्तर कुंजी (Answer Key) जनहित में परिषद की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर प्रसारित कर दी गयी हैं। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** लिंक से उत्तर कुंजी (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध है) पर अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति **29 दिसम्बर 2021, सांय 05:00 बजे तक ई–मेल secyutet@gmail.com द्वारा पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को** प्राप्त करा सकते हैं। **निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात एवं किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।** एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने** प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।